मरकरी स्फिग्मोमैनोमीटर से बीपी नापना

1

महिला को बीपी नापने की प्रक्रिया के बारे में बतायें

2

व्यक्ति को कुर्सी पर बैठने के लिये कहें या एक समतल सतह पर लेटने के लिये कहें

3

चेक कर लें कि बल्ब ट्यूब से लगा हुआ है

4

- एप्रेटस को एक समतल सतह पर व्यक्ति के हृदय के स्तर पर रखें
- मरकरी का कॉलम, जाँचने वाले की आँख के स्तर पर होना चाहिए

5

कफ़ और बल्ब को किसी लीक/छेद/क्रैक के लिये जाँच लें

6

मरकरी कॉलम के नॉब को खोलें

7



- कफ़ को कोहनी से 1 इंच ऊपर बाँधें और ट्यूब को आगे की तरफ रखें
- ब्रेकियल आरट्री के ऊपर, स्टेथोस्कोप के डायाफ़्राम को रखें

8

फूलाते हुये कफ़ के प्रेशर को, जहाँ पर पल्स बिल्कुल भी नहीं मिल रही के स्तर से 30 मि.मी. मरकरी ज़्यादा ले जायें

9

कोहनी की ब्रेकियल आरट्री पर स्टेथोस्कोप रख कर धीरे–धीरे प्रेशर छोड़ें

10



- जहाँ आवाज़ सुनाई देना ुरू हो उस रीडिंग को नोट करें (सिस्टोलिक प्रेशर)
- आवाज़ सुनते हुये उस रीडिंग को नोट करें जहाँ आवाज़ आनी बंद हो गई है (डायास्टोलिक प्रेशर)

11

कफ़ की हवा निकालें और हटा लें, मरकरी नॉब को बंद कर दें

12

- महिला को उसका बीपी बतायें
- रीडिंग को रिकॉर्ड करें